आगरा में यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट, डीएम ने दिए सख्त निर्देश

रिपोर्टर: दिलशाद अहमद
फतेहपुर सीकरी

आगरा में आगामी उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। 18 फरवरी से शुरू हो रही परीक्षाओं के मद्देनज़र जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने परीक्षा केंद्र व्यवस्थापकों, जोनल, सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेटों के साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।
जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या लापरवाही सामने आने पर संबंधित परीक्षा केंद्र का व्यवस्थापक सीधे तौर पर जिम्मेदार माना जाएगा। विशेष रूप से छात्राओं की तलाशी की व्यवस्था को लेकर निर्देश दिए गए कि यह कार्य केवल महिला पुलिसकर्मियों अथवा महिला शिक्षिकाओं द्वारा ही किया जाए।
उन्होंने सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छ शौचालय और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि परीक्षा संचालन बोर्ड द्वारा निर्धारित नियमों और शर्तों के अनुरूप ही किया जाए, इसमें किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।
प्रशासन की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, जनपद आगरा में हाईस्कूल परीक्षा में कुल 60,371 विद्यार्थी शामिल होंगे, जिनमें 32,556 छात्र और 27,815 छात्राएं हैं। वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा में 61,551 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं, जिनमें 35,415 छात्र एवं 26,136 छात्राएं शामिल हैं। इस प्रकार कुल 1,21,922 छात्र-छात्राएं बोर्ड परीक्षा में भाग लेंगे।
जिला प्रशासन ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।